ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560003.

Karnataka School Examination and Evaluation Board

Malleshwaram, Bangalore - 560003.

2026-27ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ – 1

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER - 1 : 2026-27

MODEL ANSWERS

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ

SUBJECT : Third Language Hindi

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61H	Subject Code : 61H
ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ	Time : 3 Hours
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80	Max. Marks : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।

2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है,

   जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[Turn over

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 x1=8

1. 'बेचना' शब्द का विलोम रूप है –

(A) लाना (B) खरीदना

(C) बचाना (D) देना ।

उत्तर : (B) खरीदना

2. 'बहन' शब्द का पुल्लिंग रूप है –

(A) पिता (B) मित्र

(C) भाई (D) पति ।

उत्तर : (C) भाई

3. निम्नलिखित में से 'बहुवचन' शब्द है –

(A) रास्ता (B) चीज़

(C) आँख (D) दुकानें ।

उत्तर : (D) दुकानें

4. 'पहनना' शब्द का 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप' है –

(A) पहनाना (B) पहनवाना

(C) पहचान (D) पहनावा ।

उत्तर : (A) पहनाना

5. 'एकैक' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) वृध्दि (D) अयादि ।

उत्तर : (C) वृध्दि

6. निम्नलिखित में से 'द्वंद्व समास' का उदाहरण है –

(A) राजवंश (B) जलप्रपात

(C) दोपहर (D) देश-विदेश ।

उत्तर : (D) देश-विदेश

7. एक ईमानदार डेलिगेट मेरे कमरे _____आये।

रिक्त स्थान में सही 'कारक चिह्न' होगा –

(A) में (B) की

(C) के लिए (D) ने ।

उत्तर : (A) में

8. यह टोली क्या करेगी ?

वाक्य में प्रयुक्त 'विराम चिह्न' है –

(A) पूर्ण विराम (B) प्रश्नवाचक

(C) उद्धरण चिह्न (D) अल्प विराम ।

उत्तर : (B) प्रश्नवाचक

II. प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए। 4 x1=4

9. कलाम की माता : आशियम्मा : : कलाम की बहन : _____

उत्तर : ज़ोहरा

10. दोस्तों की पहली मुलाकात : हाथी से : : दोस्तों की दूसरी मुलाकात : _____

उत्तर : साँप से

11. कावेरी : नदी : : जोग : _____

उत्तर : जलप्रपात

12. मुखिया का गुण : मुँह के समान : : संत का गुण : _____

उत्तर : हंस के समान

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक - एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : **4 x1=4**

13. रोज एक सेब खाने से क्या लाभ है ?
    उत्तर : रोज एक सेब खाने से डॉक्टर की ज़रूरत नहीं पड़ती।

14. सबसे पहले आदमी को मकान बनाना किसने सिखाया ?
    उत्तर : सबसे पहले आदमी को मकान बनाना पशुओं ने सिखाया।

15. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?
    उत्तर : आधुनिक पुरुष ने प्रकृति पर विजय पायी है।

16. कृष्ण की शिकायत किसके प्रति है ?
    उत्तर : कृष्ण की शिकायत बलराम के प्रति है।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : **8 x2=16**

17. दूकानदार ने सेब के बारे में लेखक से क्या कहा ?

उत्तर : बाबूजी, बड़े मज़ेदार सेब आए हैं, खास कश्मीर के। आप ले जाएँ, खाकर तबीयत खुश हो जाएगी।

18. नमाज़ के बारे में जैनुलाबदीन के विचार स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : जैनुलाबदीन कहते हैं – 'जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो ; जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता।'

19. परसाईजी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

उत्तर : परसाईजी के कमरे में बहुत चीज़ें चोरी हो गयी थी। कमरे का ताला तक चोरी हो गया। कहीं स्वयं भी न चुरा लिया जाएँ यह सोचकर परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय लिया।

20. कलेक्टर साहब ने बालशक्ति टोली की तारीफ़ कैसे की ?

उत्तर : कलेक्टर साहब ने बालशक्ति टोली की तारीफ़ में कहा – 'इस गाँव को साफ-सुथरा देखकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई। गाँव को एक नया जीवन प्रदान किया है। इन बच्चों की जितनी बड़ाई की जाए उतनी ही थोड़ी है। इन सब ने मिलकर गाँव को स्वच्छ वातावरण दिया है। बाल शक्ति के कारण आपका गाँव एक आदर्श गाँव बन गया है।'

21. दिनकर जी के अनुसार आधुनिक मानव की भौतिक साधनाएँ क्या-क्या हैं ?

उत्तर : आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय प्राप्त कर ली है। वारि, विद्युत, भाप हाथों में बँधे हुए हैं। पवन का ताप हुक्म पर चढ़ता-उतरता है। सरित्, गिरि, सिंधु को एक समान लाँघ सकता है। उसका यान गगन में जा रहा है।

22. यशोदा क्यों खुश हो जाती है ?

उत्तर : कृष्ण के क्रोधयुत मुख को देखकर और उसकी बातों को सुनकर यशोदा खुश हो जाती है।

23. सौर-मंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है ?

उत्तर : सौर-मंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के बाद शनि ग्रह की कक्षा है। शनि सौर-मंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है।

अथवा

शनि ग्रह का वायुमंडल किन-किन गैसों से बना है ?

उत्तर : शनि ग्रह का वायुमंडल हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन और एमोनिया गैसों से बना है।

24. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

उत्तर : सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे। अप्रिय सत्य मत बोलो।

अथवा

मीना मैडम कार्यशिबिर के अंत में छात्रों को क्या संदेश देती है ?

उत्तर : मीना मैडम का संदेश था - आज के बच्चे कल के नागरिक हैं। विद्यार्थियों ! आज से, नहीं नहीं ; अब से ही आप इन कर्तव्यों का पालन करना शुरू करो। इससे आपका हित तो होगा ही, देश का कल्याण भी होगा।

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9x3=27

25. गिल्लू के प्रति लेखिका अपना प्रेम कैसे प्रकट करती है ? लिखिए।

उत्तर : लेखिका घायल गिलहरी के बच्चे को हौले से उठाकर अपने कमरे में लाती है। रूई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाती है। उसके मुँह में एक बूँद पानी टपकाती है। खाने के लिए बिस्कुट और काजू देती है। प्यार से उसे 'गिल्लू' कहकर बुलाने लगती है। फूल रखने की एक हल्की डलिया में घर बनाती है। थाली के पास बिठाकर खाना सिखाती है। उसके अंतिम समय में हीटर जलाकर उष्णता देने का प्रयत्न करती है। गिल्लू की समाधि सोनजुही की लता के नीचे बनाती है। इस तरह लेखिका गिल्लू के प्रति अपना प्रेम प्रकट करती है।

(इनमें से कोई तीन-चार अंश)

26. "इंटरनेट सचमुच एक वरदान है।" कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : इंटरनेट सचमुच एक वरदान है। कयोंकि घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं। कोई भी बिल भर सकते हैं। इंटरनेट-बैकिंग द्वारा रकम भेजी जा सकती है। इंटरनेट से विचार, स्थिर चित्र, वीडियो चित्र भेज सकते हैं। ई-गवर्नेन्स से प्रशासन पारदर्शी बनता है। वीडियो कॉन्फरेन्स द्वारा विचार-विनिमय कर सकते हैं। इंटरनेट के बिना संचार व सूचना क्षेत्र ठप पड़ सकते हैं। **(इनमें से कोई तीन-चार अंश)**

27. "बचेंद्री का जीवन सचमुच प्रेरणादायक है।" कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : बचेंद्री पाल का जीवन सचमुच प्रेरणादायक है। बचेंद्री का जन्म एक साधारण भारतीय परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई का खर्च स्वयं जुटाकर शिक्षा प्राप्त की। मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। वे एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचनेवाली पहली भारतीय महिला बनीं और देश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने अपने साहस और दृढ़ निश्चय से यह सिद्ध कर दिया कि महिलाएँ भी साहस प्रदर्शन में पुरुषों से कम नहीं हैं। उनका जीवन हमें मेहनत, साहस, आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय की प्रेरणा देता है।

(इनमें से कोई तीन-चार अंश)

28. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिए।

उतर : कर्नाटक राज्य की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी है। बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु, बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिरों में पत्थर की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं। श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है। विजयपुर के गोलगुंबज़ की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है। मैसूर का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है।

29. सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर क्यों खुश था ?विवरण दीजिए।

उत्तर : सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर खुश था। क्योंकि बच्चों को होमवर्क करने में मदद करता था। वर्ड प्रोसेसर पर सक्सेना जी का काम संभालता था। सुबह का नाश्ता कराता था। मेहमानों के स्वागत में द्वार खोलता था। छोटे बच्चों को कहानियाँ सुनाता था। घर के पालतू कुत्ते शेरू को घुमाने का काम भी करता था।

30. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

उत्तर : मातृभूमि का प्रकृति सौंदर्य अत्यंत सुंदर है। मातृभूमि के खेत हरे-भरे सुहाने हैं। यहाँ के वन-उपवन फल-फूलों से भरे हैं। मातृभूमि के अंदर अपार खनिज संपदा है।

31. "समय अत्यंत अनमोल है।" कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : समय अत्यंत अनमोल है। क्योंकि समय का महत्व धन से भी अधिक है। बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता। सब समय सुसमय होता है। इसलिए हमें काम करने का जो अवसर प्राप्त है, उसे व्यर्थ जाने नहीं देना चाहिए। एक पल को भी तुच्छ नहीं समझना चाहिए। क्योंकि इन्हीं एक-एक पल से हमारा जीवन बना है। समय को खोने से हमेशा के लिए पछताना पड़ता है।

(इनमें से कोई तीन-चार अंश)

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँडिये, जब लग घट में प्राण ।।

भावार्थ : प्रस्तुत दोहे को तुलसीदास जी द्वारा लिखित 'तुलसी के दोहे' से लिया गया है। तुलसीदास जी दया का महत्व बताते हुए कहते हैं कि दया धर्म का मूल है और अहंकार पाप का मूल है। इसलिए जब तक हमारे शरीर में प्राण हैं तब तक मानव को अपना अभिमान (अहंकार) छोड़कर दयालु बनना चाहिए।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक का प्राकृतिक सौंदर्य नयन मनोहर है। पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है। दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ हैं।

ಕರ್ನಾಟಕದ ಪ್ರಕೃತಿ ಸೌಂದರ್ಯವು ಆಕರ್ಷಕವಾಗಿದೆ. ಪಶ್ಚಿಮದಲ್ಲಿ ವಿಶಾಲವಾದ ಅರಬ್ಬಿ ಸಮುದ್ರವಿದೆ. ದಕ್ಷಿಣದಲ್ಲಿ ನೀಲಗಿರಿಯ ಪರ್ವತ ಶ್ರೇಣಿಗಳಿವೆ.

The natural beauty of Karnataka is breathtaking. To the west is the vast Arabian Sea. To the south are the Nilgiri mountain ranges.

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : **2x4=8**

34. बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : बसंत एक गरीब शरणार्थी लड़का है। छलनी, दियासलाई, बटन बेचता है। पंडित राजकिशोर से दया की भीख लेने से इनकार करता है। क्योंकि वह मेहनत से पैसा कमाना चाहता है। मोटर के नीचे आकर घायल होने पर भी राजकिशोर के पैसे लौटाता है। इसलिए बसंत एक ईमानदार और स्वाभिमानी लड़का है।

अथवा

पं.राजकिशोर के परोपकारी गुणों का परिचय दीजिए।

उत्तर : पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे। बसंत की सहायता करने की दृष्टि से एक छलनी खरीदते हैं। मोटर दुर्घटना का समाचार सुनते ही तुरंत बसंत के घर पहुँचते हैं। बसंत का इलाज करने के लिए डॉक्टर को बुलाते हैं। अस्पताल ले जाने का प्रबंध भी करते हैं। पं. राजकिशोर गरीब और मजदूरों के प्रति सहानुभूति दिखानेवाले व्यक्ति थे।

निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता_____

_____

_____

_____भागो तुम।

उत्तर : असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर, मत भागो तुम ।

VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1x4=4

35. शिक्षा मनुष्य के जीवन का एक महत्वपूर्ण आधार है । शिक्षा से व्यक्ति को ज्ञान , संस्कार और अच्छे-बुरे की समझ प्राप्त होती है । शिक्षित व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझता है । शिक्षा हमें आत्मनिर्भर बनने और जीवन में सही निर्णय लेने में सहायता करती है । शिक्षा के माध्यम से हम समाज और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं । शिक्षा हमारे व्यक्तित्व का विकास करती है और आत्मविश्वास बढ़ाती है। इसलिए प्रत्येक बच्चे को मन लगाकर शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।

अ) शिक्षा से व्यक्ति को कैसी समझ प्राप्त होती है ?
उत्तर : ज्ञान, संस्कार और अच्छे-बुरे की समझ प्राप्त होती है।

आ) शिक्षा व्यक्ति को कैसे सहायता करती है ?
उत्तर : आत्मनिर्भर बनने और जीवन में सही निर्णय लेने में सहायता करती है।

इ) हम किसके माध्यम से समाज और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं ?
उत्तर : शिक्षा के माध्यम से योगदान दे सकते हैं।

ई) शिक्षा किसका विकास करती है ?
हमारे व्यक्तित्व का विकास करती है।

VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 से 15 वाक्यों में एक निबंध लिखिए : 1x4=4

36.

क) इंटरनेट

- **प्रस्तावना :** आज का युग इंटरनेट युग है। इंटरनेट का असर छोटे बच्चों से लेकर बड़े बूढ़ो तक सब पर पड़ा है। इंटरनेट आज हर एक क्षेत्र में अपना कमाल दिखा रहा है।
- **इंटरनेट का महत्व :** इंटरनेट एक क्रांतिकारी खोज है । इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। आज मनुष्य को खान-पान जीतना जरूरी है, इंटरनेट भी उतना आवश्यक बन गया है। संचार व सूचना के क्षेत्र इंटरनेट के बिना ठप पड़ जाते हैं।
- **इंटरनेट से लाभ :** इंटरनेट से कोई भी स्थिर चित्र, वीडियो चित्र और विचार को दुनिया के किसी भी कोने में कम खर्च में, कम समय में भेज सकते हैं। पुस्तकालय की किताबों के विषय को कम समय में कहीं भी भेज सकते हैं। घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं। कोई भी बिल भर सकते हैं । इंटरनेट बैंकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है । वीडियो कान्फरेन्स द्वारा विचार विनिमय कर सकते हैं। ई-गवर्नेंस से प्रशासन पारदर्शी बनता है। सोशल नेटवर्किंग से देश-विदेश के लोगों का परिचय मिलता है।
- **उपसंहार :** इंटरनेट का उपयोग हम कैसे करते हैं इस पर यह हमें वरदान या अभिशाप सिद्ध हो सकता है। इसलिए हमें इंटरनेट का उपयोग बड़ी जागरूकता से करना चाहिए।

ख) जनसंख्या की समस्या

- **प्रस्तावना :** भारत क्षेत्रफल की दृष्टि से सातवा बड़ा देश है , परन्तु जनसंख्या की दृष्टि से दूसरे स्थान में है। तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण सारी योजनाएँ विफल होती जा रही हैं। समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। इसलिए जनसंख्या एक गंभीर समस्या बन गई है।
- **जनसंख्या वृद्धि के कारण :** जनन दर में वृद्धि और मृत्यु दर में कमी हो रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सुविधाओं में उन्नति हुई है। धार्मिक श्रद्धा के कारण परिवार नियोजन अपनाने को डर रहे हैं। संतान को ईश्वर की देन मानना भी जनसंख्या वृद्धि का कारण है।
- **परिणाम :** जनसंख्या वृद्धि के कारण देश की प्रगति कुंठित होती है । बेरोजगारी की समस्या बढ़ती जाती है। आवास , भोजन, कपडा सही मात्रा में नहीं मिलती है । स्वास्थ्य और शिक्षा में भी बाधा पडती है। अपराधों में वृद्धि होती है। सरकारी योजनाएँ विफल होती हैं। पर्यावरण प्रदूषण अधिक होता है। महँगाई बढ़ती जाती है।
- **उपचार :** जनसंख्या वृद्धि को रोखने के लिए व्यक्तिगत रूप में परिवार को छोटा रखने का प्रयास करना चाहिए। सरकार और सामाजिक संस्थाओं , सभाओं, गोष्ठियों, संचार माध्यम द्वारा परिवार नियोजन तथा छोटे परिवार से होने वाले लाभों का प्रचार - प्रसार करना चाहिए। हम सब का यह कर्तव्य है कि इस समस्या के निराकरण में पूरा योगदान दें।
- **उपसंहार :** जनसंख्या की वृद्धि देश के विकास में बड़ी बाधा है। छोटे परिवार में ही देश और जनता का हित निहित है। इसे समझना और अपने जीवन में अनुपालन करना हर एक नागरिक का कर्तव्य है।

ग) समय का महत्व

- **प्रस्तावना :** समय अत्यंत अनमोल है। क्योंकि समय का महत्व धन से भी अधिक है। बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता। समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता।
- **समय का महत्व :** सब समय सुसमय होता है। इसलिए हमें काम करने का जो अवसर प्राप्त है, उसे व्यर्थ जाने नहीं देना चाहिए। एक पल को भी तुच्छ समझना नहीं चाहिए । क्योंकि इन्हीं एक-एक पल से हमारा जीवन बना है। समय को खोने से हमेशा के लिए पछताना पड़ता है। खोया हुआ धन वापस मिल सकता है , पर बीता हुआ समय कभी वापस लौटकर नहीं आता।
- **समय का सदुपयोग :** जीवन की सफ़लता का रहस्य समय के सदुपयोग में निहीत है। इसलिए हम समय व्यर्थ न करके समय के साथ-साथ चलते हुए हमारे सब काम कर लेना चाहिए। आलस्य, समय का सबसे बड़ा शत्रु है। आलस्य को दूर करिए, समय का मूल्य पहचानिए।
- **उपसंहार :** समय के साथ-साथ चलना चाहिए और हमें समय का अधिक से अधिक सदुपयोग करके अपने जीवन को सफ़ल और सुंदर बनाना चाहिए।

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : **1x5=5**

37. कोई सकारण देते हुए अपने प्रधान अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।

प्रेषक, दिनांक : 20-08-2026

अ. ब. क.
10 वीं कक्षा,
सरकारी हाईस्कूल,
मैसूरू - 570020

सेवा में,

प्रधान अध्यापक जी ,
सरकारी हाईस्कूल,
मैसूरू – 570020

आदरणीय महोदय,

विषय :- दो दिनों की छुट्टी की प्रार्थना हेतु।

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपसे निवेदन है कि दिनांक : 22-08-2026 को मेरी बड़ी बहन की शादी है। हम बेंगलूरु जा रहे हैं। इसलिए मैं दिनांक : 21-08-2026 और 22-08-2026 के दो दिन स्कूल नहीं आ पाऊँगा। अतः आपसे प्रार्थना करता हूँ कि इन दो दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें।

धन्यवाद सहित।

स्थान : मैसूरू आपका आज्ञाकारी छात्र,

अभिभावक के हस्ताक्षर, अ. ब. क.

अथवा

'हर घर तिरंगा' अभियान के बारे में बताते हुए मित्र के नाम एक पत्र लिखिए।

प्रिय मित्र रोहन, दिनांक : 25-08-2026

सप्रेम नमस्कार।

मैं यहाँ पर कुशल हूँ। आशा करता हूँ कि तुम भी वहाँ कुशल होंगें । आज मैं तुम्हें 'हर घर तिरंगा' अभियान के बारे में बताना चाहता हूँ । यह अभियान लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना बढ़ाने के लिए चलाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति अपना सम्मान और प्रेम व्यक्त करते हैं।

तिरंगा ध्वज हमारे देश की एकता , शांति और प्रगति का प्रतीक है। हमें तिरंगे का सदैव सम्मान करना चाहिए और उसे उचित तरीके से फहराना चाहिए । तुम भी अपने परिवार के साथ इस अभियान में भाग लेना और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना।

माता-पिता को प्रणाम कहना।

तुम्हारा प्रिय मित्र,
अर्शद

सेवा में,
रोहन
सदाशिव नगर,
बेंगलूरु।

==========